

WHISPERS IN THE CORRIDORS.COM
डॉ. सुरेश मेहरोत्रा
नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत
राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

हमारी भविष्यवाणी सच हुई

**• ट्रंप के मन में क्या चल रहा है**



(हमने यह बात 5 सितंबर, 2025 को कही थी)

**• ट्रंप और वैश्विक अस्थिरता**

पूर्व राजनयिकों का मानना है कि जब तक राष्ट्रपति ट्रंप सत्ता में हैं, वैश्विक अस्थिरता बनी रहेगी। क्या यह सच है

## राजनीतिक

**• संसद की बैठक 28 और 29 मार्च को भी होगी।**

संसद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के कारण दो दिनों तक कोई सरकारी कामकाज न होने की भरपाई के लिए 28 और 29 तारीख को बैठेगी।

**• टीएमसी द्वारा राष्ट्रपति के निमंत्रण को अस्वीकार किए जाने की संभावना है**

भारत की राष्ट्रपति ने मंगलवार को टीएमसी नेताओं को नाश्ते पर आमंत्रित किया है। हाल ही में, पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रोटोकॉल की अनदेखी करने के लिए टीएमसी सरकार की आलोचना की थी।

**• भयभीत कांग्रेस ने राज्यसभा चुनावों से पहले ओडिशा के विधायकों को बेंगलुरु भेज दिया**

विधायकों की खरीद-फरोख्त के डर से कांग्रेस ने 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनावों से पहले अपने विधायकों को बेंगलुरु में सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। पार्टी के पास 14 विधायक हैं, जिनमें से 12 को कर्नाटक भेजा गया है। ओडिशा में चार सीटों पर राज्यसभा चुनाव होंगे। भाजपा ने मनमोहन सामल और सुजीत कुमार को उम्मीदवार बनाया है, जबकि डॉ. संतृप्त मिश्रा बीजेडी के उम्मीदवार होंगे। कांग्रेस और बीजेडी ने चौथी सीट के लिए डॉ. दत्तात्रेय होता का समर्थन किया है, जबकि निर्दलीय उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय को भाजपा का समर्थन प्राप्त है। मुकाबला चौथी सीट के लिए होगा। 147 सदस्यीय ओडिशा विधानसभा में सत्तारूढ़ भाजपा 79 सीटों के साथ मजबूत स्थिति में है, जबकि विपक्षी बीजेडी के पास 50 और कांग्रेस के पास 14 विधायक हैं। चुनाव जीतने के लिए उम्मीदवार को कम से कम 30 वोटों की आवश्यकता होती है। बीजेडी ने अपने पहले उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित कर ली है। हालांकि, कांग्रेस समर्थित डॉ. होता की जीत के लिए 14 कांग्रेस विधायकों के वोट महत्वपूर्ण हैं। भाजपा के समर्थन से चुनाव लड़ रहे दिलीप राय को जीतने के लिए अभी भी लगभग 8 से 10 वोटों की जरूरत है।

## प्रशासनिक

**• आईएएस प्रतिभा रानी का ध्यान शिवहर, बिहार में आवास संबंधी कमियों को पाटने पर है**



बिहार कैडर की 2018 बैच की आईएएस अधिकारी और वर्तमान में शिवहर कलेक्टर के पद पर तैनात प्रतिभा रानी ने जिले में आवास की कमी को दूर करने को प्राथमिकता दी है। मान्यता देना प्रमुख कार्यक्रमों के माध्यम से कई लोगों को सहायता मिल रही है, लेकिन कुछ जरूरतमंद परिवार अभी भी इनके दायरे से बाहर हैं। उन्होंने बताया, 'प्रशासन इस अंतर को पाटने के लिए अतिरिक्त धनराशि जुटाने के तरीकों पर विचार कर रहा है, खासकर कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के जरिए, ताकि बेघरों को घर मुहैया कराया जा सके।' जिले के प्रत्येक परिवार के सिर पर एक सुरक्षित छत सुनिश्चित करना प्रशासन के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक है, जिसका उद्देश्य जीवन स्तर, गरिमा और समावेश को बेहतर बनाना है।

**• सचिव स्तर के दो पद रिक्त हैं**

मार्च और अप्रैल में सचिव स्तर के दो पदों पर नियुक्तियां होंगी: शैलेश कुमार सिंह (1991: जेएच) की सेवानिवृत्ति के बाद ग्रामीण विकास विभाग और सुभाष चंद्र लाल दास (1990: यूटी) की सेवानिवृत्ति के बाद एमएसएमई मंत्रालय।

**• श्रीमती अमृता सिंह आहूजा ने आईआरएस-आईटी से इस्तीफा दिया**

श्रीमती अमृता सिंह आहूजा ने भारतीय राजस्व सेवा (आयकर विभाग) से इस्तीफा दे दिया है।

**• आगामी सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त और नियुक्तियां :**

अप्रैल 2026 में न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की सेवानिवृत्ति और उसके बाद जून 2026 में न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी की सेवानिवृत्ति के साथ, विधिक जगत में यह चर्चा चल रही है कि कॉलेजियम नए न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए एक बड़ा अभियान चलाएगा, जिसमें संभवतः अधिक महिलाएं और विविध पृष्ठभूमि के न्यायाधीश शामिल होंगे। यह मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के 100 दिवसीय एजेंडा के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य लंबित मामलों की संख्या को कम करना है (जनवरी 2026 तक वर्तमान में 92,828 मामले लंबित हैं, जो 510 अधिक हैं)। रुझान: प्रौद्योगिकी-आधारित केस प्रबंधन की ओर बदलाव, जिसमें प्राथमिक उपचार के लिए एआई के एकीकरण की अटकलें लगाई जा रही हैं, जैसा कि मुख्य न्यायाधीश के पूर्व के बयानों में भी कहा गया है।

**• अवसंरचना विस्तार पर भविष्यवाणियाँ**

सोशल मीडिया और विशेषज्ञों की चर्चाओं में अनुमान लगाया जा रहा है कि 52 सप्ताह में 52 सुधार (जनवरी 2026 में शुरू) की पहल को तेजी से लागू किया जाएगा, जिसमें एआई-आधारित सुरक्षा (जैसे कवच अपग्रेड) और मध्य वर्ष तक नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ऐसी अफवाहें हैं कि स्वीकृत परियोजनाओं से 16 लाख करोड़ के हाई-स्पीड निवेश का रास्ता खुल सकता है, जिससे यात्रा का समय कम हो जाएगा (उदाहरण के लिए, चेन्नई-बेंगलुरु की यात्रा 1.5 घंटे में पूरी हो जाएगी)। उभरते रुझानों में 2026 के अंत तक नेटवर्क का पूर्ण विद्युतीकरण और माल ढुलाई को सुगम बनाने के लिए इटारसी-प्रयागराज जैसे व्यस्त मार्गों को चौगुना करना शामिल है। कर्मचारियों में फेरबदल की कोई बड़ी अफवाह सामने नहीं आई है, लेकिन विलय से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के एकीकृत नेतृत्व को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

**• चिप्स टू स्टार्टअप्स के अंतर्गत सेमीकंडक्टर प्रतिभा विकास**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 2030 तक सेमीकंडक्टर डिजाइन में 85,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित करने की दिशा में हुई प्रगति की घोषणा की, जिसमें दक्षिणी राज्यों (कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना) को केंद्र बनाया गया है। इसमें आईएसएम परियोजनाओं में आईएएस/आईएफओएस की प्रतिनियुक्ति शामिल है; पहले चरण में 20,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

**• उत्तराखंड से अतिरिक्त सचिव के लिए कोई पैनल नहीं बनाया गया है।**

उत्तराखंड कैडर से भारत सरकार में अतिरिक्त सचिव या अतिरिक्त सचिव के समकक्ष पदों पर 2001 बैच के आईएएस अधिकारी को पैनल में शामिल नहीं किया जाएगा।

**• एमएमटीसी में निदेशक (वित्त) पद के लिए साक्षात्कार 18 मार्च को होंगे।**

सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) 18 मार्च, 2026 को एमएमटीसी में निदेशक (वित्त) के पद के लिए साक्षात्कार आयोजित कर रहा है।

ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण: राजनाथ सिंह बोले-

# योगी जी ने माफिया को सही किया लोग इनको 'बुलडोजर बाबा' कहते



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर का शुक्रवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लोकार्पण किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसे जनता को समर्पित किया। झूलेलाल पार्क में लोकार्पण समारोह हुआ। यूपी सरकार के कई मंत्री और भाजपा पदाधिकारी भी इसमें शामिल हैं। यह ग्रीन कॉरिडोर कुल 57 किलोमीटर लंबा है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, योगी जी को लोग बुलडोजर बाबा के नाम से जानते हैं। इन्होंने माफियाओं को सही कर दिया। बुलडोजर सिर्फ तोड़ने का ही नहीं। नए विकास की जमीन भी तैयार करता है। कुछ ही दिनों में लखनऊ से कानपुर की यात्रा 35 से 45 मिनट में पूरी हो सकेगी। यह नया अध्याय होगा। डिफेंस सेक्टर में भी लखनऊ पीछे नहीं है। ब्रह्मोस, एयरो स्पेस से संबंधित काम भी लखनऊ में होगा।

ब्रह्मोस से हमने आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। अगर उन्होंने दोबारा कभी ऐसा करने का सोचा तो वह इससे कभी उबर नहीं पाएंगे। ब्रह्मोस की टेस्टिंग, इंटीग्रेशन फैसिलिटी का काम अब लखनऊ में होगा। लखनऊ देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती देने का काम हो रहा है।

इस महीने के अंत या अप्रैल महीने की शुरुआत में ही लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे शुरू हो जाएगा। इसके बाद दोनों शहरों के बीच की दूरी मात्र 35 से 40 मिनट के बीच तय हो सकेगी। सीएम विकास के साथ ही स्वच्छता पर भी ध्यान दे रहे। घर घर से कूड़ा उठाया जा रहा। पहले लोग गोमती में कूड़ा फेंक देते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं है। पिछले साल लखनऊ को स्वच्छता में तीसरी रैंक मिल चुकी है, इसके लिए सभी को बधाई।

20 दिन के अंदर लखनऊ से कानपुर के बीच का सफर भी आसान हो जाएगा। एक से डेढ़ घंटे के बजाय 45 मिनट में लोग 62 किमी की यह दूरी आसानी से तय कर सकेंगे। झूलेघाट पर शुक्रवार को ग्रीन कॉरिडोर के लोकार्पण के मौके पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने यह घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने पड़ोसी देश पाकिस्तान और अपने यहां विपक्षी दलों पर कटाक्ष भी किए। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने इस मौके पर कहा कि लखनऊ वास्तव में नए भारत के आधुनिक शहर की पहचान के रूप में तेजी से उभर रहा है।

किसी भी राज्य की राजधानी ऐसी होनी चाहिए, जहां नागरिकों का जीवन सुगम हो और वे आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। इसी उद्देश्य से लखनऊ में आधुनिक कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर तेजी से विकसित किया जा रहा है।

रक्षामंत्री ने कहा कि लखनऊ में अशोक लेलैंड के इलेक्ट्रिक वाहन संयंत्र से हजारों लोगों को रोजगार मिल रहा है। इससे पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को भी बढ़ावा मिल रहा है। उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर की भी स्थापना की गई है। यहां कई सारी डिफेंस फैसिलिटी भी स्थापित की गई है। अब ब्रह्मोस एयरोस्पेस की इंटीग्रेशन और टेस्टिंग फैसिलिटी भी उत्तर प्रदेश में होगी। ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के पूरा होने पर करीब 15 लाख लोगों को आवागमन में आसानी होगी, जाम से छुटकारा मिलेगा।

कहा कि कॉरिडोर परियोजना में सेना की जमीन का भी उपयोग हुआ है। इस परियोजना में सिविल और रक्षा क्षेत्र दोनों ने मिलकर काम किया है जब सिविल और डिफेंस साथ में मिलकर काम करते हैं तो विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ जाती है।



# 19 मार्च से बदले समय पर खुलेगा राम मंदिर

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** चैत्र नवरात्र और रामनवमी मेले का शुभारंभ 19 मार्च से हो रहा है। इसी दिन श्रीराम मंदिर में श्रीराम यंत्र की स्थापना भी विधि-विधान से की जाएगी। समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी। इसके अलावा पांच हजार से अधिक मेहमान समारोह का हिस्सा बनेंगे। इस दिन राम मंदिर एक घंटा पहले सुबह छह बजे से ही खोलने का निर्णय लिया गया है।

यह पहला समारोह होगा जिसमें वीआईपी कार्यक्रम के बावजूद दर्शन व्यवस्था भी सुचारु रूप से चलती रहेगी। राम मंदिर ट्रस्ट ने निर्णय लिया है कि राम मंदिर परिसर में जितनी देर राष्ट्रपति रहेंगी केवल उतनी देर ही दर्शन रोका जाएगा, बाकी दर्शन सुचारु रूप से चलता रहेगा। तय हुआ है कि सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक दर्शन प्रतिबंधित रहे, हालांकि अंतिम निर्णय उसी दिन लिया जाएगा। चैत्र प्रतिपदा से ही राम मंदिर की दर्शन अवधि में भी बदलाव किया जाता है। इसलिए 19 मार्च को राम मंदिर सुबह सात बजे के बजाय सुबह छह बजे खोल दिया जाएगा।

20 मार्च से दर्शन सुबह सात से 12 और दोपहर एक बजे से रात नौ बजे तक होगा। 19 मार्च को होने वाले श्रीराम यंत्र की स्थापना कार्यक्रम व 27 मार्च को रामजन्मोत्सव व सूर्य तिलक के आयोजन का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। देश-दुनिया के लोग घर बैठे इस आयोजन के साक्षी बन सकेंगे।

पीएम किसान की 22वीं किस्त जारी

# मीरजापुर के 2.77 लाख किसानों को मिलेगा 55 करोड़ का सहारा

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, मीरजापुर :** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत शुक्रवार को किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के गुवाहाटी से देश भर के किसानों के खातों में योजना की 22वीं किस्त जारी की। इसके तहत मीरजापुर जनपद के 2 लाख 77 हजार 934 किसानों के बैंक खातों में कुल 55 करोड़ 58 लाख 68 हजार रुपये की धनराशि सीधे भेजी जा रही है।

उप निदेशक कृषि विकेश पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। जनपद में अब तक 3 लाख 82 हजार 737 किसानों को 21 किश्तों के माध्यम से कुल 1245 करोड़ 94 लाख 50 हजार रुपये की धनराशि उनके खातों में भेजी जा चुकी है। इस सहायता से किसानों को खेती-किसानी के कार्यों में आर्थिक मजबूती मिल रही है।

उन्होंने बताया कि योजना की अगली किस्त प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जनपद में अब तक 2 लाख 47 हजार 609 किसानों ने अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा ली है।

# एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी पर कार्रवाई 1483 स्थानों पर निरीक्षण व छापे, 6 गिरफ्तार

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** इसी क्रम में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलिंडरों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम सुनिश्चित किए जाएं।

यूपी पहला राज्य है, जहां कालाबाजारी के खिलाफ सबसे पहले और ताबड़तोड़ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत जनपद स्तर पर प्रवर्तन टीमों द्वारा शुक्रवार को कुल 1,483 स्थानों पर निरीक्षण और छापेमारी की कार्रवाई की गई। इस दौरान एलपीजी वितरकों के विरुद्ध 4 एफआईआर दर्ज की गई, जबकि एलपीजी गैस की कालाबाजारी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध 20 एफआईआर दर्ज कराई गई हैं।

मौके से 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 19 व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोजन की कार्रवाई की गई है। प्रदेश में कार्यरत 4,108 एलपीजी गैस वितरकों के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के सापेक्ष एलपीजी रिफिल की डिलीवरी सुनिश्चित कराई गई है। वितरकों के यहां एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आवश्यकतानुसार घरेलू एलपीजी सिलेंडर रिफिल उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

भारत सरकार द्वारा वाणिज्यिक सिलेंडरों की कुल खपत के 20 प्रतिशत तक आवंटन की अनुमति प्रदान की गई है, जिससे होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी गैस आपूर्ति प्रभावित न हो।

आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी और किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के लिए खाद्यायुक्त कार्यालय में पेट्रोलियम पदार्थों के वितरण से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त होम कंट्रोल रूम में भी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की गई है। वहीं प्रदेश के सभी जनपदों में भी कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए गए हैं, जो लगातार कार्यरत हैं। उपभोक्ताओं को एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला पूर्ति कार्यालय और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी लगातार फील्ड में भ्रमण कर रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के किसी भी हिस्से में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति बाधित न हो और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# टीएमयू देश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक : जेपी नड्डा

## टीएमयू के दीक्षांत में 6041 विद्यार्थियों को उपाधि, 311 मेधावी छात्र सम्मानित



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, मुरादाबाद :** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू)) ने देशभर के सामने शिक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह देश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक है। यह यूनिवर्सिटी देश के विकास में बड़ी भूमिका निभा रहा है। इसका कारण यह है कि यहां शिक्षा के साथ छात्रों में सामाजिक दायित्वबोध की भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित की जाती है। यह बातें शनिवार को तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के दीक्षांत समारोह-2026 को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने कही।

टीएमयू के दीक्षांत समारोह-2026 में शनिवार को 6041 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई, जबकि 311 मेधावियों को पदक प्रदान किए गए, जिनमें 108 स्वर्ण पदक, 105 रजत पदक और 98 कांस्य पदक शामिल रहे। इसमें शैक्षणिक सत्र 2023-24 और 2024-25 के विद्यार्थियों को सम्मिलित करते हुए 36 शोधार्थियों को पीएचडी, 1364 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर, 4411 विद्यार्थियों को स्नातक तथा 230 विद्यार्थियों को डिप्लोमा की उपाधि प्रदान की गई। टीएमयू के दीक्षांत समारोह-2026 में विश्वविद्यालय की ओर से केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को डॉक्टर ऑफ लेटर्स की मानद उपाधि प्रदान की गई।वहीं पद्मश्री मालनी अवस्थी को भारतीय लोक एवं उपशास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन और व्यापक प्रसार के प्रति उनके असाधारण समर्पण के सम्मान में यह मानद उपाधि दी गई।

## राष्ट्रपति के कथित अपमान पर जनजाति मोर्चा ने फूंका ममता बनर्जी का पुतला

**मीरजापुर।** बरौधा कचार चौराहा स्थित पं. रामचंद्र शुक्ल पार्क के सामने शनिवार को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजन वर्मा गोंड ने किया। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि पश्चिम बंगाल में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के एयरपोर्ट पहुंचने पर राज्य सरकार की ओर से प्रोटोकॉल के तहत स्वागत नहीं किया गया, जिससे आदिवासी व जनजातीय समाज अपने को अपमानित और उपेक्षित महसूस कर रहा है। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रपति देश की प्रथम नागरिक हैं और उनका अपमान पूरे जनजातीय समाज का अपमान है। जिलाध्यक्ष राजन वर्मा गोंड ने कहा कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम के लिए निर्धारित स्थल पर भी अनुमति नहीं दी गई, जिससे समाज में नाराजगी है।

# राष्ट्रीय युवा महोत्सव में तीन पदकों से शोभित हुआ गोरखपुर विवि



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गोरखपुर :** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक प्रतिभा ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट पहचान स्थापित की है।

भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित 39वें अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन सत्यभामा इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई (तमिलनाडु) में दिनांक 10 मार्च से 14 मार्च 2026 तक भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय महोत्सव में देशभर के 120 विश्वविद्यालयों के 4000 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस राष्ट्रीय युवा महोत्सव में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर की 10 सदस्यीय टीम ने दो प्रमुख विधाओं तथा सांस्कृतिक यात्रा में प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और विश्वविद्यालय को तीन पदकों से गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय ने रंगोली विधा में तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि माइम (मूक अभिनय) प्रतियोगिता में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए चतुर्थ स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त कल्चरल प्रोसेशन में भी गोरखपुर विश्वविद्यालय की टीम ने अपनी सशक्त सांस्कृतिक प्रस्तुति से तृतीय स्थान अर्जित कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस युवा महोत्सव में गोरखपुर विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व टीम मैनेजर के रूप में डॉ. हर्षवर्धन सिंह तथा अभिषेक श्रीवास्तव कर रहे है। विश्वविद्यालय की टीम ने दो विधाओं में प्रतिभाग कर दोनों में पदक अर्जित किए, जो विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक क्षमता और विद्यार्थियों की रचनात्मक ऊर्जा का प्रमाण है।

प्रतियोगिता में रंगोली विधा में रोहित प्रजापति ने अपनी कलात्मकता और सृजनात्मक दृष्टि का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं माइम (मूक अभिनय) प्रतियोगिता में लाभांश गुप्ता, तनीषा यादव, पृथ्वी गुप्ता, सिद्धि निराला, आंचल शुक्ला, आशीर्वाद श्रीवास्तव तथा हिंदकेसरी यादव ने 'जल संरक्षण' विषय पर अत्यंत प्रभावशाली और संवेदनशील प्रस्तुति दी, जिसके माध्यम से उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया और निर्णायकों तथा दर्शकों की सराहना प्राप्त की। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर शनिवार को कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों के भीतर असीम प्रतिभा और सृजनात्मक क्षमता निहित है। आवश्यकता केवल उन्हें उपयुक्त मंच और अवसर प्रदान करने की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन पूरे वर्ष होना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निखारने और प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हो।

## आपका राशिफल 15 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक 6 7 9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-5-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-3-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक 3 5 8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-3-5-7